

**‘अम्बे !**
**‘तुम्हीं जगदम्बे,तुम्हीं दुर्गा भवानी हो’**
**‘तुम्हीं उमा, रमा और तुम्हीं इन्द्राणी हो’**
**!! चतुर्वर्ग प्रसाधिनी मां कालरात्रि की जय !!**


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 273 | इंदौर, सोमवार 15 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## आग में झुलसकर एक ही परिवार की 5 जिंदगियां खत्म

### सिलेंडर ब्लास्ट के बाद चीथड़े हाईटेंशन लाइन पर लटके; आग कैसे लगी, आज तक रहस्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। अचानक ब्लास्ट की आवाज सुनकर बाहर आए। रूह कंपा देने वाला नजारा था। दूर-दूर तक कपड़े और मांस पड़ा हुआ था। लपटों से घिरे तीन बच्चे और दंपती जान बचाने के लिए सडक़ पर भाग रहे थे। बच्चों के शरीर सुलग रहे थे। शरीर पर कपड़े तक नहीं थे। सिलेंडर फटने से कपड़ों के चीथड़े हवा में दो मंजिल ऊंचाई तक उछले थे। तुरंत एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। उनके शरीर पर पानी डाला।**

यह बताते हुए प्रियंका शर्मा और कुसुमा सिंह सिहर जाती हैं। ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सिंधिया नगर के एक मकान में 30 मार्च को सिलेंडर फट गया था। इसमें एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत पांच लोग झुलस गए थे। एक के बाद एक नौ दिन में पांचों ने दम तोड़ दिया।

हादसे को 15 दिन बीत गए हैं लेकिन यहां रहने वाले लोगों की आंखों में आज भी भयावह मंजर तैर रहा है। बच्चों के कपड़ों के चीथड़े दो मंजिल से ज्यादा ऊंचाई से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से चिपके हैं। आग कैसे लगी, यह आज तक रहस्य बना हुआ है।

### घर के अंदर का मंजर बयां कर रहा हादसे की भयावहता

ताला खुलवाकर घर के अंदर दाखिल हुए। घर पक्का जरूर है, लेकिन छत टीनशेड की है। अंदर पलंग और बिस्तर जले पड़े थे। गैस पर चावल से भरा कुकर आज भी वैसा ही पड़ा था। पास ही तपेली में कुछ सामान पक रहा था, वह भी पड़ा था। पास ही थाली में रोटी भी पड़ी थी। चारों तरफ सामान बिखरा पड़ा था।

सभी सामान जला हुआ था। बच्चों के कपड़े भी जले पड़े थे। पलंग भी टूटा हुआ था। टीन शेड की छत उड़ गई थी। कुछ टीन शेड कमरों में गिरे थे। ईंटें भी चारों तरफ बिखरी थीं। घर में रखा अनाज भी फैला पड़ा था। टूटी छत से सूर्य की रोशनी अंदर झांक रही थी।

### अचानक भडक़ गई आग, फिर सब कुछ खत्म

सिंधिया नगर में अवधेश (40) अपने परिवार के साथ रहता था। वह मूल रूप से भिंड का रहने वाला था। उनके छह बच्चे थे। परिवार में पत्नी गुड्?डी उर्फ रामबेटी (38), बच्चे रेशमा (16), कुसुम (7) व यश (5) भी रहते थे। अवधेश अचलेश्वर मंदिर के पास चाट का ठेला लगाता था।

# ईरान को हमले का जवाब देंगे

## विदेशी मंत्री ने भारतीय क्रू की रिहाई पर ईरान से बात की, कहा- शांति से सुलझाएं विवाद



**ईरान की सेना ने इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका दिया था।**

हमले में सिर्फ इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस नाम दिया। इजराइल के पलटवार की अटकलों के बीच अमेरिका ने साफ किया है कि वो किसी भी ऐसे इजराइली एक्शन को सपोर्ट नहीं करेगा जिससे जंग के हालात बनें।

दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

इजराइल की वॉर कैबिनेट ने रविवार को 3 घंटे तक चली बैठक के बाद इजराइल अब तक इस फैसले पर नहीं पहुंच पाया है कि ईरान को किस तरह से जवाब दिया जाए। एनबीसी न्यूज ने पीएम नेतन्याहू के ऑफिस के सूत्र के हवाले से बताया कि इजराइल ने ईरान को जवाब देने का फैसला किया है। हालांकि, यह कब और कैसे होगा इसके लिए ढ्ढष्ठस्न को विकल्प पेश करने होंगे।

### 17 भारतीय क्रू मेंबर्स की रिहाई की बात की

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार देर रात सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने ईरानी सैनिकों द्वारा जब्त किए गए जहाज में मौजूद 17 भारतीय क्रू मेंबर्स की रिहाई की बात की है। साथ ही इजराइल के विदेश मंत्री से भी लगातार संपर्क में हूं।

### हमले से 72 घंटे पहले इसकी वॉर्निंग दी थी

ईरान ने दावा किया है कि शनिवार देर रात हमले से 72 घंटे पहले उन्होंने इजराइल और अमेरिका को इसका नोटिस दिया था। तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने भी कहा है कि हमले से पहले उन्होंने इस पर अमेरिका-इजराइल से बात की थी। हालांकि, अमेरिका ने इन दावों को खारिज कर दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने उन्हें इस बार में कोई सूचना नहीं दी थी। ईरान का लक्ष्य तबाही मचाना था।

### इजराइल बोला- ईरान, इराक और यमन ने हमला किया

इजराइल का कहना है कि ईरान, इराक और यमन से उस पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च की। उनमें से ज्यादातर को रोक दिया गया है। ईरान का कहना है कि उसने यह हमला 1 अप्रैल को सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमले के जवाब में किया था, अब मामले को खत्म माना जा सकता है।

# उम्मीदवारों को शपथ-पत्र के सभी कालम भरना होगा

## विदेश में स्थित चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा भी देना होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को प्रारूप 26 में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार शपथ-पत्र में उम्मीदवार के नाम पर विदेश में कोई संपत्ति है तो विदेश में जमा राशि, अपनी चल अचल-संपत्ति का ब्यौरा भी देना अनिवार्य है। शपथ-पत्र में उसे अपना पेन नम्बर भी देना होगा। यह शपथ उसे पब्लिक नोटरी या ओथ कमिश्नर अथवा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के समक्ष लेनी है। शपथ-पत्र का कोई कालम भी खाली नहीं छोड़ना है। शपथ-पत्र नामांकन की अंतिम तिथि के दिन तीन बजे तक जमा किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय के निर्णय अनुसार यदि कोई अभ्यर्थी शपथ-पत्र में कोई भी कालम खाली छोड़ता है एवं इस आशय की जानकारी यदि रिटर्निंग अधिकारी ने सूचना द्वारा अभ्यर्थी को दे दी है एवं इस सूचना उपरांत भी अभ्यर्थी अपने शपथ-पत्र में कालम पूर्ण नहीं भरता या निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त चैक लिस्ट अनुसार नया शपथ-पत्र निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करता तो ऐसी स्थिति में उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार अभ्यर्थी का नाम-निर्देशन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों को अवगत कराया है कि अभ्यर्थी नामांकन प्रस्तुत करते समय अपने शपथ-पत्र में कोई भी कालम रिक्त न छोड़े। यदि किसी कालम में कोई जानकारी निरंक है तब वहां ह्लशून्यह्व या ह्ललागू नहीं होताह्व लिखा जाना चाहिए।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**इंदौर**। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रुपए निर्धारित है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

## अभ्यर्थी सहित पाँच व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में कर सकेंगे प्रवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये नामांकन-पत्र दाखिल करने का सिलसिला 18 अप्रैल से प्रारंभ होगा। नामांकन-पत्र कलेक्टर कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में भरे जा सकते हैं। नामांकन भरने के लिये अभ्यर्थी सहित 5 व्यक्ति रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। सौ मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर तीन बजे तक चलेगी। तीन बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म, जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ रिटर्निंग अधिकारी कक्ष में लेकर आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी। एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए चार नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। एक साथ या पृथक से जमा किया जा सकता है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्रॉफी भी कराई जाएगी।

**पुलिसकर्मी बेटे को मेडल पहनाने के दौरान मां भावुक हुई**

## ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक के तहत घर वालों से करवाया जा रहा सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अच्छे से अपनी ड्यूटी करने वाले ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों को हर सप्ताह सम्मानित किया जाएगा। रविवार को डीसीपी यातायात प्रबंधन ने 'ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक' को मेडल, प्रशस्ति पत्र, नकद पुरुस्कार देकर पुरस्कृत किया है। प्रधान आरक्षक बेटे को मेडल पहनाने के दौरान मां भावुक हो गई।**



पुलिस उपायुक्त यातायात प्रबंधन महानगर इंदौर अरविंद तिवारी द्वारा यातायात प्रबंधन पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए 'ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक' साप्ताहिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसमें अपने कर्तव्य क्षेत्र पर बेहतर कार्य करने वाले यातायात प्रबंधन पुलिस के चयनित अधिकारी/कर्मचारियों को हर सप्ताह पुरस्कृत किया जाएगा।

रविवार को पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन कार्यालय पलासिया में यातायात प्रबंधन के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी और निरीक्षकों की साप्ताहिक यातायात व्यवस्था समीक्षा बैठक रखी गई। एएसआई लाल सिंह भण्डारी द्वारा पीपली बाजार (राजवाड़ा क्षेत्र) और प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव के द्वारा रेडिसन चौराहा पर मुस्तैदी के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला गया। उन्हें 'ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक' (14 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024) के लिए चयन कर मेडल, प्रशस्ति पत्र, नकद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया।

सम्मान कार्यक्रम में परिवारजन भी सम्मिलित हुए। एएसआई लाल सिंह भण्डारी को उनकी बेटी-दामाद ने और प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव को उनकी माताजी ने मेडल पहनाया। बेटे को अपने हाथों से मेडल पहनाते हुए खुशी से मां की आंखे नम हो गई।

बेहतर यातायात प्रबंधन करने के लिए रेडिसन चौराहा से सूबेदार अमित कुमार यादव और टीम, चोइथराम मंडी चौराहा से सूबेदार सुमित बिलोनिया और टीम को भी नकद पुरुस्कार दिया।

## मतदान केन्द्रों पर लगाए जाएंगे मॉकपोल की जानकारी वाले पोस्टर

इंदौर। **भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र के बाहर मतदाताओं एवं राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के पोलिंग एजेंट को मॉकपोल संबंधी जानकारी प्रदाय करने हेतु पोस्टर लगाने के निर्देश दिए गए हैं।**

ज्ञात हो कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व उसमें मॉकपोल कराया जाता है तथा मॉकपोल के पश्चात् मशीन को पुनः मतदान हेतु तैयार किया जाता है। इस दौरान 6 चरणों की कार्यवाही संपादित की जाती है। इन चरणों में मॉकपोल के दौरान कम से कम 50 प्रतिशत वोट डालने के पश्चात् क्लोज बटन दबाया जाता है, रिजल्ट बटन दबाकर परिणाम प्राप्त किया जाता है, यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रत्येक उम्मीदवार के लिए ईव्हीएम मशीन से प्राप्त परिणाम का व्हीव्हीपेट की पर्चियों से मिलान हो, कंट्रोल यूनिट से मॉकपोल डाटा हटाने के लिए क्लियर बटन दबाया जाता है, व्हीव्हीपेट के ड्रॉप बॉक्स से पर्चियां बाहर निकालकर उन पर्चियों के पीछे मॉकपोल स्लीप की सील लगाई जाती है तथा टोटल का बटन दबाकर पोलिंग एजेंट को बताया जाता है कि अब कंट्रोल यूनिट में कोई भी वोट नहीं है। इसी तरह व्हीव्हीपेट के ड्रॉप बॉक्स को खोलकर दिखाया जाता है कि उसमें भी कोई भी पर्ची नहीं है।

ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट मशीन की विश्वसनीयता एवं राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के बीच विश्वास सृजन करने की दृष्टि से इस लोकसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र के बाहर इन छः चरणों की जानकारी प्रदाय करने के आशय से पोस्टर लगाए जाएंगे।

## वैशाखी पर्व पर एरोब्रिक्स किया

**इंदौर**। पलसीकर कॉलोनी स्थित गोल बगीचे में आज खालसा मोर्निंग क्लब द्वारा वैशाखी पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया इस आयोजन में सभी धर्म की महिला एंव पुरुषो ने बच्चो सहित हिस्सा लिया खालसा मोर्निंग क्लब के अध्यक्ष एच. एस भाटिया जी ने वैशाखी पर्व के बारे में जानकारी दी । उन्होंने बताया इस दिन श्री गुरु गोविन्द सिंह जी ने पाँच प्यारो को अमृत पान करवाया एवं खालसा पथ की स्थापना की। खालसा मोर्निंग क्लब के सचिव जसबीर सिंह होरा ने सभी से मतदान करने की अपील की एवं पानी बचाओ का संदेश दिया योग गुरु - डॉ. एस. पी. एस बघेल ने योग क्रियाये एवं प्रणायाम करवाया ततपश्चात महिलाओ ने एरोब्रिक्स किया विश्व हास्य योग महासंघ के ओपी गुप्ता केलाश चंद्र खंडेलवाल प्रदीप अगवाल रमेश मुरारका आरपी गुप्ता श्रीमती सुनीता कुमावत ने हास्य योग की कलाकार ने शरीर को हेलदी रखने जानकारी दी विरजी छाबड़ा ने राष्ट्रीय गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया।

## नवरात्रि विशेषांक का भजन गायिका ने किया विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चैत्र नवरात्रि पर पूरा देश महामाही 'की आराधना में लीन हैं।इस शुभ अवसर पर शनिवार को इंदौर के प्राचीन मंदिर हरसिद्धि पर भी नवरात्र पर विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें भजन गायिका सुश्री जोया परमार ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से भक्तों को खूब नचाया व पूरे माहौल को भक्ति मय कर दिया।इस दौरान 'आदित्य की आवाज़'अखबार के नवरात्रि विशेषांक का विमोचन भी भजन गायिका द्वारा किया गया व इसमे प्रकाशित माताजी मन्त्रो,स्तुतियों व आरतियों का भी उच्चारण किया गया।कार्यक्रम संयोजक अमर पेंढारकर ने संस्था 'आदित्य'क्रे संयोजक सचिन नीमा, विपिन भाई, बबलू शर्मा,दिनेश व्यास सहित सभी का आभार माना।



### गर्मियों की छुट्टियों में स्पेशल ट्रेनों का संचालन

# अहमदाबाद-पटना और इंदौर हजरत निजामुद्दीन के बीच स्पेशल ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गाड़ी संख्या 09493/09494 अहमदाबाद पटना-अहमदाबाद स्पेशलः गाड़ी संख्या 09493 अहमदाबाद-पटना स्पेशल 21 अप्रैल से 30 जून तक अहमदाबाद से हर रविवार 16.35 बजे रवाना होकर रतलाम (22.00/22.10,रविवार) और उज्जैन (23.45/23.50) होते हुए सोमवार को 22.45 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09494 पटना-अहमदाबाद स्पेशल 23 अप्रैल से 2 जुलाई तक पटना से हर मंगलवार को रात 1 बजे रवाना होकर उज्जैन (23.25/23.30, मंगलवार) और रतलाम (1.30/1.40, बुधवार) होते हुए बुधवार को 07.10 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में नडियाद, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, दमोह, कटनी मुडवारा, सतना,



मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशनों पर पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में दो सेकंड एसी, छह थर्ड एसी, आठ स्लीपर और चार सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

गाडी संख्या 09309/09310 इंदौर हजरत निजामुद्दीन इंदौर द्वि साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल : गाड़ी संख्या 09309 इंदौर निजामुद्दीन स्पेशल 19 अप्रैल से 30 जून तक इंदौर से हर शुक्रवार और रविवार को 17.00 बजे रवाना होकर रतलाम मंडल के देवास(17.33/17.35), उज्जैन (18.20/18.25) नागदा (19.20/19.45) होते हुए शनिवार और सोमवार को निजामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09310 हजरत निजामुद्दीन इंदौर स्पेशल 20 अप्रैल से 1 जुलाई तक हजरत निजामुद्दीन से हर शनिवार और सोमवार को 08.20 बजे रवाना होकर नागदा (18.10/18.35, शनिवार और सोमवार), उज्जैन (19.20/19.25) और देवास (20.05/20.07) होते हुए शनिवार और सोमवार को 21.00 बजे इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागदा, शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर और मथुरा स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में एक सेकंड एसी, तीन थर्ड एसी, बारह स्लीपर और चार सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

## बांग्ला गीतों से गूंजा रवींद्र नाट्य गृह

### कोलकाता के प्रसिद्ध बंगाली गायक श्रीकांत आचार्या को सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुँचे फैंस

**इंदौर।** केउ बोले फालगुन,,,,,, आजी झोडेल राते,,,,, नील धुव्रो तारा,,,,, तुम्मी कौन काननेर फूल,,,,,,जैसे बांग्ला गीतों से गूंजा रवींद्र नाट्य गृह। मौका था बंगाली समाज के नववर्ष पर आयोजित बांग्ला गीतों से भरी शाम।

इस मौके पर कोलकाता से आये प्रसिद्ध गायक श्रीकांत आचार्य की एकल प्रस्तुति। बांग्ला फिल्मों सहित कई म्यूजिक एल्बमो में बांग्ला गीत गाकर देश और दुनिया में मशहूर हो चुके गायक श्रीकांत ने रवींद्र संगीत पर आधारित गीत सुनाकर शानदार शुरूआत की। वे किसी गीत का कोई मुखडा सुनाते सभाग्रह में उपस्थित फैंस पहले ही करतल ध्वनि कर देते। जब उन्होंने बांग्ला फिल्म तितली का सुपरहिट गीत मेघपीओनेर बेगर भेतो,,, सुनाया तो पूरा हाल तालीयों की गडगडाहट से गूंजता रहा। इसके बाद उन्होंने ब्रिष्टि तोमाके डिलाम अमी खोला जानाला सुनाकर सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। बंगाली क्लब एंड स्कूल परिसर के अध्यक्ष अशोक मुकर्जी एवं सचिव रवि शंकररॉय चौधरी ने बताया कि बंगाली समुदाय में हिंदी माह वैशाख का बड़ा इंपोर्टेंस है इसलिए पूरा समुदाय खुशी से सराबोर रहता है। इसलिए आज यह विशेष आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बंगाली समूह एकत्रित हुआ। श्रीकांत ने मशहूर गजल गायक पंकज उधास को श्रंदाजंलि देते हुए उनकी लोकप्रिय गजल दीवारो से मिलकर रोना अच्छा लगता है,, ,,, सुनाकर खूब दाद बटोरी। संगतकारों में शुभेंदु दास की बोर्ड, सुवाशिष रॉय लीड गिटार, सोमेन दास ओक्टेपैड, सुमित पोद्दार तबला और बेस्ट गिटार पर तन्मय शी शामिल थे।

## अर्ली डिटेक्शन ही है गॉलब्लैडर कैंसर का बेस्ट ट्रिटमेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द एसोशिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के इंदौर सिटी चैप्टरी की ओर से होटल क्राउन पैलेस में सीएमई का आयोजन किया। इस सेशन के दौरान महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जयपुर के प्रो .वाइस चांसलर डॉ. विनय के कपूर और बसंल हॉस्पिटल के लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. गुरसागर सिंह ने शहर के सर्जन्स के साथ करेंट सिनैरियों को ध्यान में रखते हुए इम्पॉर्टेंट टॉपिक्स को डिस्कस किया। इंदौर सिटी चैप्टर के प्रेसिडेंट लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ. राकेश शिवहरे ने बताया कि इस सेशन का मकसद सर्जरी के ऊपर डॉक्टर और आम पब्लिक का ध्यान आकर्षित करना था। इस समय लैप्रोस्कोपिक सर्जरी को लेकर अवेयरनेस बढ़ाने की जरूरत है जिससे की पोस्ट सर्जरी होने वाले कॉम्प्लीकेशन को कम किया जा सके। सीनियर सर्जन को बुलाने का मकसद यह डॉक्टर्स को यह बताना था कि सर्जरी के दौरान किन बातों का ध्यान रख कैंसर को फर्स्ट स्टेज में पहचान सकते है। इस प्रकार के सेशन का आयोजन साल भर किया जाएगा, जिससे की लोगों में अवेयरनेस बढ़ सके। सेशन के दौरान डॉ. निशांत खरे और सांसद सुमेर सिंह सोलंकी ने मतदान के लिए डॉक्टर लॉबी को ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने ने लिए निवेदन किया।सेशन में डॉ.मोहित गंगवाल ने लीवर के कुछ केस डिस्कस किए। सेशन के दौरान महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, जयपुर के प्रो वाइस चांसलर डॉ. विनय के कपूर ने कहा कि गॉलब्लैडर कैंसर भारत में नार्थ, वेस्ट, ईस्ट, नॉर्थ इस्टर्न स्टेट में काफी ज्यादा देखने को मिलता है। साउथ में इसके मामले कम देखे को मिलते है। उन्होंने कहा कि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डाटा के अनुसार दिल्ली में महिलाओं में जेंडर स्पेशफीक कैंसर यानी ब्रेस्ट कैंसर, सर्विक्स कैंसर और ओवरी कैंसर के बाद गॉलब्लेडर कैंसल के मामले सबसे ज्यादा देखने को मिलते है। साउथ की तुलना में नॉर्थ में गॉल ब्लैडर कैंसर के ज्यादा होने का प्रमुख कारण स्टोन को माना जा सकता है।

# बूथ टोली घर-घर जाकर कांग्रेस मानसिकता वाले परिवारों को अपना बनाएं : शंकर लालवानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोट करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे कि वोट प्रतिशत बढ़े। साथ ही बूथ टोली घर-घर जाकर संपर्क करें। उन परिवारों से मिलकर उनको अपना बनाएं जिनकी मानसिकता कांग्रेस वाली है क्योंकि कांग्रेस खत्म हो चुकी है। उनको भी भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का काम करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ताओं को करना है।**

ये कहना है इंदौर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार शंकर लालवानी का। विधानसभा क्रमांक 4 के वार्ड 66 में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ सम्मेलन का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की उपस्थिति में हुआ।



विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि संगठन और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही है। उसका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिला है। इसको लेकर लोगों में जनजागरण चलाया जाना चाहिए।

सम्मेलन में सिंधी समाज की पंचायतें जिसमें विशेष रूप से जेकमाबाद, लाड़काना पंचायत सबर पंचायत कंधकोट पंचायत, बलूचिस्तान पंचायत, साहीनी पंचायत, सोनारा समाज पंचायत, महापंचायत, शिकरपुर पंचायत, कहय्यालाल पंचायत मुख्य रूप से उपस्थित रही।

## आईपीएस में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर सस्टेनेबल मैटेरियल्स का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आईपीएस अकेडमी के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस फॉर सस्टेनेबल मैटेरियल्स का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। सेंटर अल्ट्राटेक सीमेंट के सहयोग से स्थापित हुआ है

यह सेंटर ऑफ एक्सिलेंस aसस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन के लिए उपयोग होने वाले मैटेरियल्स एवं उनसे जुड़ी हुई रिसर्च एंड डेवलपमेंट को जानने का एक वन स्टॉप स्थान है, जिससे सिविल इंजीनियरिंग छात्रों एवं प्रैक्टिसिंग इंजीनियर्स को वर्तमान और आगामी सस्टेनेबल मैटेरियल्स के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी



जाएगी। प्रेसिडेंट आर्किटेक्ट अचल चौधरी ने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा हमारे संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना एक गौरवपूर्ण क्षण है। प्रिंसिपल डॉ.अर्चना कीर्ति चौधरी ने कहा कि सस्टेनेबल मैटेरियल्स का विकास परम आवश्यक है। सिविल विभाग के प्रमुख डॉ. अमित शर्मा ने समारोह में उपस्थित सभी का स्वागत किया। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के जोनल हेड एंड वाइस प्रेसिडेंट इंजी. राहुल गोयल ने संस्थान द्वारा सस्टेनेबल डेवलपमेंट के क्षेत्र में चल रहे रिसर्च कार्यों की सराहना की। समारोह में अल्ट्राटेक के इंजी. सिद्धार्थ चिंचोलकर, इंजी. मनीष मालवीय, इंजी. प्रियांक पगारे एवं इंजी. राजेंद्र पाटिल के साथ संस्थान के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे। प्रो. नीरज मिश्रा समारोह के संयोजक रहे। छात्रा मान्या मधु ने मंच का संचालन किया। डॉ. आशीष निम ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पांच पटवारी सस्पेंड, जमीनों की फाइल रोककर रखते थे, कलेक्टर ने की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में पांच पटवारी और एक आरआई को सस्पेंड कर दिया गया है। कलेक्टर आशीष सिंह ने कई शिकायतें मिलने के बाद यह एक्शन लिया। करीब एक हफ्ते पहले कलेक्टर ने अपर कलेक्टरों की टीम बनाकर अवकाश के दिन सभी रेवेन्यू कोर्ट खुलवाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की बड़ी गड़बड़ियां मिली, जिसके बाद कलेक्टर ने एक्शन लिया। रोशिता तिवारी (मल्हारगंज), हरीश शर्मा (मल्हारगंज), ओम परवार (बिचौली हप्सी), प्रभुदयाल मुकाती (जूनी इंदौर) और नितेश राणा (राऊ)। आरआई सुबोध टैनी को भी सस्पेंड किया गया है। रोशिता तिवारी और हरीश शर्मा को भू अभिलेख में अटैच किया गया। ओम परवार को हातोद, प्रभुदयाल मुकाती को महू और नितेश राणा को देपालपुर अटैच किया गया है।

# निशा बांगरे ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

## पार्टी में नारी सम्मान नहीं, भाजपा में शामिल हो सकती हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश का विधानसभा चुनाव लडऩे के लिए डिप्टी कलेक्टर पद छोडऩे वाली निशा बांगरे ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वे जल्द ही बीजेपी में शामिल हो सकती है।**

निशा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र भेजकर पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त करने को कहा है। उन्होंने कांग्रेस पर धोखा देने और षड्यंत्र कर चुनाव लडऩे से रोकने का आरोप भी लगाया है। दो पन्नों के पत्र में उन्होंने लिखा, ह्यमैं समझती थी कि कांग्रेस पार्टी से चुनाव लडक़र समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित लोगों का प्रतिनिधित्व करूंगी। बाबा साहब के सपनों को साकार कर सकूंगी। लेकिन पिछले 6 महीने



से कांग्रेस की नीयत को करीब से आंकलन कर मैंने यह पाया कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे धोखा दिया।

### लिखा- मेरी योग्यता को ही अयोग्यता बना दिया

पूर्व डिप्टी कलेक्टर ने लिखा, ह्यकांग्रेस में नारी सम्मान के लिए कोई स्थान नहीं है। जिसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव 2024 में मध्यप्रदेश में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व न मिलना भी है। मैं राजनीति में व्यापक स्तर पर कार्य करना चाहती थी लेकिन कांग्रेस ने मेरी योग्यता को ही अयोग्यता बना दिया। अतः मैं कांग्रेस पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त होना चाहती हूं। अपना पूरा जीवन बाबा साहब के विचारों के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित करती रहूंगी।

### सरकारी नौकरी में वापसी की भी जता चुकी इच्छा

कांग्रेस ने निशा बांगरे को प्रदेश महामंत्री और मुख्य प्रवक्ता बनाया था। इससे पहले उन्होंने सरकारी नौकरी में वापस आने की इच्छा जताई थी। इसके लिए उन्होंने 3 महीने पहले मुख्य सचिव वीरा राणा को आवेदन भेजा था। अभी तक विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। बांगरे छतरपुर जिले में बतौर डिप्टी कलेक्टर पोस्टेड थीं। छतरपुर जिले के लवकुश नगर में एसडीएम रहते उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। वे बैतूल जिले की आमला सीट से विधानसभा चुनाव लडऩा चाहती थीं। इसी वजह से सरकारी नौकरी से इस्तीफा दिया था। उनका इस्तीफा शासन की ओर से जब तक स्वीकार किया गया, तब तक कांग्रेस ने मनोज मालवे को उम्मीदवार घोषित कर दिया था। ऐसे में वे चुनाव नहीं लड़ पाई थीं। इस्तीफा नामंजूर होने से नाराज छतरपुर की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने सरकार को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि एक दिन में मेरा इस्तीफा स्वीकार करें, नहीं तो मैं समर्थकों के साथ सडक़ पर उतरूंगी और अनशन करूंगी।

# सागर पुलिस ने पकड़ा चोरी का 7 हजार किलो लोहा

## पावर ग्रिड से हेवी इलेक्ट्रिक टावर के एंगल लेकर भागे बदमाश, जंगल से 3 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर**। सागर के बहरोल थाना क्षेत्र में पावर ग्रिड से हेवी इलेक्ट्रिक टावर के एंगल लेकर भागे तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 7 हजार किलो चोरी का लोहा जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार 12 अप्रैल को पावर ग्रिड के उप महाप्रबंधक संदीप श्रीरंगे विद्युत सब स्टेशन धनोरा ने बहरोल थाने में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि पावर ग्रिड हेवी इलेक्ट्रिक टावर के एंगलों को अज्ञात चोर लेकर भागे है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। निगरानी और अन्य संदेही बदमाशों की जानकारी जुटाई गई। जांच के दौरान ग्राम पिडरूआ के पास जंगल में तीन संदिग्ध व्यक्ति मिले। जिनके पास लेवर हेलमेट और बोल्ट खोलने वाले पाना मिले। संदेह होने पर उन्हें हिरासत में लिया और पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम कन्हैयालाल पिता ज्वाला प्रसाद सक्सेना उम्र 27 वर्ष निवासी इस्लामपुर थाना बंगरौली (आगरा), रवि कुमार पिता पप्पू जादौन निवासी ग्राम इस्लामपुर और शनि पिता पप्पू जादौन निवासी इस्लामपुर जिला आगरा (उत्तरप्रदेश) का होना बताया। थाने लाकर पुलिस ने तीनों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपियों ने मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के पिछोर, चंदेरी अशोकनगर और थाना बंडा क्षेत्र में भी टावर के एंगलों की चोरी करना बताया है।

**ठेकेदार गिरोह बनाकर चोरी कराता था-** चोरी किए गए लोहे के एंगलों को गिरोह के सरगना राजा जाटव के द्वारा अपने परिचित स्थानीय कबाडिय़ों को बेचा जाता था। गिरोह के सदस्य आगरा के रहने वाले हैं और गिरोह का सरगना राजा जाटव खुद पावर ग्रिड इलेक्ट्रिक टावर में ठेकेदार के रूप में काम कर अलग-अलग प्रदेशों में उक्त टावर लगाने का थर्ड पार्टी ठेका लेता है।

# आग बुझाने दौड़े बाराती, दो कुएं में गिरे, मौत

## शादी की रस्म के दौरान आतिशबाजी से खेत में पहुंची थी चिंगारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम**। रतलाम में आतिशबाजी की चिंगारी से गेहूं के खेत में लगी आग बुझाने दौड़े दो बारातियों की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना शनिवार रात की है। एक युवक का शव देर रात निकाल लिया गया था, जबकि दूसरे युवक का शव रविवार सुबह मिला है।

बताया जा रहा है कि शादी में खेजड़ी (पौधे की डाली) रस्म के दौरान बारातियों ने आतिशबाजी की थी, जिसकी चिंगारी से खेत में आग लग गई। आग बुझाने के लिए बारातियों ने दौड़ लगाई। अंधेरा होने से युवकों को कुआं नजर नहीं आया, जिससे दोनों उसमें समा गए। दोनों युवक कीचड़ में फंस गए।

### ग्रामीणों ने रस्सी से एक शव को बाहर निकाला

सैलाना के भैंसाडाबर गांव में शनिवार को आदिवासी समाज में शादी थी। गोविंद डिंडोर की बारात पिपलौदा तहसील के गांव बड़ौदा से बद्रीलाल निनामा के घर जा रही थी। गांव से कुछ दूरी पर बारात रोककर दूल्हे से खेजड़ी काटने की रस्म निभाई जा रही थी। इस दौरान हादसा हो गया। बारातियों ने तुरंत 100 डायल को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर बारातियों व ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे कुएं में उतरकर अजय बामनिया (24) को बाहर निकाला। एम्बुलेंस से उसे तुरंत सैलाना अस्पताल भेजा गया। अजय के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। जबकि विनोद निंबड़वा (24) के शव के लिए काफी देर तक सर्चिंग चली। सैलाना थाना प्रभारी अयुब खान ने देर रात रतलाम से एसडीआरएफ (आपदा प्रबंधन टीम) को बुलाया।

### क्रेन छोटी पड़ गई, कुएं में उतरकर दूसरा शव निकाला

थाना प्रभारी ने बताया कि कुआं करीब 70 से 80 फीट गहरा था। इसकी बनावट भी अजीब है। कुआं ऊपर से चौड़ा है तो नीचे संकरा है। ऊपर पानी और नीचे कीचड़ था। ऐसे में युवक को तलाशने में काफी दिक्कत आ रही थी। रात में ही क्रेन मंगाई गई। लेकिन वह भी छोटी पड़ गई। सुबह उजाला होने के बाद विनोद का शव किचड़ में फंसा दिखा। रस्सियों के सहारे एसडीआरएफ के जवान कुएं में उतरे। सुबह करीब 9 बजे शव को निकाला जा सका।

अजय और विनोद दोनों शादीशुदा थे- मृतक अजय बड़ौदा गांव के सरपंच अनिल बामनिया का छोटा भाई है। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। विनोद की शादी एक साल पहले हुई थी।

# हिन्दू पक्ष का दावा- गुंबदों के नीचे हनुमान-शिव मंदिर

## भोजशाला में दरगाह के नीचे तलघर, एएसआई की टीम गर्भगृह में भी कर रही सर्वे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार। धार की भोजशाला में चल रहे अरक (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) सर्वे के बीच हिन्दू पक्ष ने बड़ा दावा किया है। हिन्दू पक्ष के गोपाल शर्मा का कहना है कि कमाल मौलाना दरगाह के नीचे तलघर है। साथ ही दो गुंबदों में से एक के नीचे भगवान हनुमान का मंदिर हैं। दूसरे गुंबद के नीचे दक्षिणेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना थी। अरक की टीम गर्भगृह में भी सर्वे कर रही हैं।**



बता दें कि इंदौर हाईकोर्ट के आदेश पर धार की भोजशाला में ज्ञानवापी की तर्ज पर वैज्ञानिक सर्वे किया जा रहा है। अरक की टीम के 22 अधिकारी-कर्मचारी, 27 मजदूर और दोनों पक्षों के 3 सदस्य सुबह 8 बजे परिसर में पहुंचे। टीम के पास आधुनिक उपकरण थे।

भोजशाला परिसर और उसके 50 मीटर के दायरे में उत्खनन, जीपीएस, जीपीआर, उच्च स्तरीय फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी सहित अन्य आधुनिक तकनीक की मदद से सर्वे हो रहा है। यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं।

### हिंदू पक्ष ने कहा- नए साइंटिस्ट और मशीनें आएगी

हिन्दू पक्ष के गोपाल शर्मा ने बताया कि भोजशाला के उत्तर, दक्षिण और पश्चिम में काम चल रहा है। गर्भ गृह में भी तेजी से सर्वे का काम हो रहा है। आने वाले समय में जांच के लिए कुछ नए साइंटिस्ट और मशीनें भी आने वाली हैं। जो साक्ष्य सामने आएंगे, उससे भोजशाला का सच सामने आएगा।

### धार शहर में 437 मजारें नहीं, नाथों की समाधियां

शर्मा ने कहा कि धार शहर में जो 437 मजारें हैं, वे नाथों की समाधियां हैं। कमाल मौलाना 1269 में आए थे, सन 1305 में अहमदाबाद चले गए थे, उनकी मजार पुराना जीपीओ कार्यालय के पीछे बनी हुई है।

उनके मरने के 300 साल बाद 16वीं शताब्दी में मोहम्मद खिलजी और मोहम्मद गौरी ने वहां से ईंट लाकर हमारे दोनों देवस्थानों को ध्वस्त कर मजार बना दी थी, कई उदाहरण हैं जैसे ताजमहल में जाओ तो नीचे तलघर है। वहां नीचे एक सफेद मजार बनी हुए है। जिस पर जमुना जी का पानी एक-एक बूंद गिरता है पानी शिवलिंग पर ही गिरता है।

### हिंदू और जैन मंदिरों को तोडक़र कुतुब मीनार बनाई

उन्होंने कहा- इसी प्रकार कुतुब मीनार 27 हिंदू और जैन मंदिरों को तोडक़र बनाया गया था, अकबर ने इलाही धर्म की स्थापना की थी। कुछ सूफी संत तैयार किए थे। उन्हीं सूफी संतों ने देश के हिंदू मंदिरों में जाकर सेवा की आड़ में धर्मांतरण किया था। आज वह 30 हजार स्थान हिंदू मंदिरों से वंचित होकर मस्जिदों में परिवर्तित हुए हैं और हिंदू समाज अपमानित हुआ है। उसी में एक भोजशाला भी है।

### राजा भोज के काल की भोजशाला का स्वरूप मिलेगा

धार की भोजशाला में 5 हजार विद्यार्थी अध्ययन करते थे। 1300 आचार्य विद्यादान करते थे। यहां से तैयार होने के बाद विद्वान पूरे आर्यावर्त में हिंदू समाज का प्रचार करना और हिंदू समाज का मार्गदर्शन करने का काम करते थे।

इस मानसिकता को खत्म करने के लिए 1305 में अलाउद्दीन खिलजी ने यहां आक्रमण किया था। इस सर्वे के बाद निश्चित रूप से यहां पहले राजा भोज के काल में इस भोजशाला का जो स्वरूप था, मां सरस्वती मंदिर का जो स्वरूप था वह फिर से प्राप्त होगा।

## संपादकीय

### गंभीर बात

साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी। अब एक बार फिर जासूसी का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया लगता है। दुनिया के सबसे सुरक्षित मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने का दावा करने वाली कंपनी एप्पल ने अपने उत्पाद का उपयोग करने वालों को संदेश भेजा है कि उनके फोन में पेगासस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी की जा सकती है, इसलिए सावधान रहें। यह संदेश उसने मेल के जरिए भारत सहित इक्यानबे देशों के लोगों को भेजा है। करीब छह महीने पहले भी उसने भारत के कुछ लोगों को चेतावनी भेजी थी कि उनका फोन पेगासस के निशाने पर हो सकता है। उनमें ज्यादातर लोग विपक्षी दलों के नेता थे, इसलिए इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। मगर सरकार के दबाव में तब एप्पल ने अपनी उस चेतावनी को बहुत धुंधला कर दिया था। इस बार उसने बहुत गंभीरता और भरोसे के साथ अपने ग्राहकों को चेतावनी दी है कि आपके फोन को 'मर्सीनरी स्पाईवेयर' के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि उसने उन लोगों के नाम उजागर नहीं किए हैं, जिनके फोन में इस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी के तथ्य उसे हाथ लगे हैं। मगर कंपनी ने माना है कि इस तरह के हमले दुनिया भर हो रहे हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब एप्पल के अत्यंत सुरक्षित माने जाने वाले फोन में सेंधमारी की जा रही है, तो बाकी एंड्रायड से चलने वाले फोनों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। चूंकि एप्पल का सारा कारोबार इसी विश्वास पर टिका हुआ है कि उसके फोन और कंप्यूटर में कोई सेंधमारी नहीं कर सकता, उसके लिए भी यह बड़ी चुनौती बन चुका है। एप्पल ने माना है कि यह घुसपैठ किसी सामान्य साइबर सेंधमार के वश की बात नहीं है, क्योंकि जिस साफ्टवेयर के जरिए यह हमला किया जा रहा है, उस पर लाखों डालर का खर्च आता है और उसे लेना सबके बूते की बात नहीं। एप्पल इस साफ्टवेयर से पार पाने का कोई इंतजाम कर पाएगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, मगर दुनिया की तमाम सरकारें अब फिर से लोगों की निजता में सेंध लगाने को लेकर निशाने पर आ जाएंगी।

**अर्ज किया है..!**

*रात को जीत तो पाता*
*नहीं लेकिन ये चराग़*
*कम से कम रात का*
*नुक़सान बहुत करता है*

-इरफ़ान सिद्दीक़ी



**जिस चीज के बारे में आप नहीं जानते उसके बारे में धारणाएं पालने से आप अज्ञानी ही रह जाएंगे, यह पक्की बात है।**

-सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव

**सैर-सपाटा**

# शिमला-मनाली नहीं, इस बार एक्सप्लोर करें गुजरात का ये इकलौता हिल स्टेशन



गर्मी की छुट्टियों में लोग ठंडी जगहों पर जाना पसंद करते हैं। इस दौरान ज्यादातर लोग दिल्ली के पास मौजूद हिल स्टेशन शिमला और मनाली जाना पसंद करते हैं। लेकिन इस बार आपको नई जगह को एक्सप्लोर करना चाहिए। गुजरात वैसे तो एक गर्म शहर है लेकिन क्या आप जनाते हैं कि यहां का फेमस सापुतारा गुजरात का इकलौता खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां जानिए सापुतारा में घूमने की बेस्ट जगहों के बारे में-

### हटगढ़ किला

हटगढ़ किला सापुतारा से लगभग 5 किमी की दूरी पर गुजरात और महाराष्ट्र की सीमा पर है। लगभग 3,600 फीट की ऊंचाई पर स्थित होने के कारण, किले तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता आसान ट्रैकिंग है और यह सपुतारा में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

### वंसदा नेशनल पार्क

वंसदा राष्ट्रीय बहुत एकड़ में फैला हुआ है। ये पार्क सापुतारा से लगभग 40 किमी दूर है। वंसदा नेशनल पार्क में घने नम पर्णपाती जंगल शामिल हैं और जंगल के कुछ हिस्सों में दिन के दौरान भी अंधेरा रहता है।

### सनराइज पॉइंट

वैली व्यूपॉइंट, जिसे सनराइज पॉइंट के नाम से भी जाना जाता है, सापूतारा में स्थित एक चोटी है। वाघई के रास्ते में 1.5 किमी की पैदल यात्रा करके इस शिखर तक पहुंचा जा सकता है। इस पॉइंट से सापुतारा घाटी के साथ-साथ हिल स्टेशन के आसपास के गांवों और हरे-भरे जंगलों का अद्भुत नजारा देख सकते हैं।

### सापूतारा झील

सापुतारा झील सापुतारा हिल स्टेशन से लगभग 1.5 किमी दूर है और इसे सापुतारा घाटी के सबसे फेमस पिकनिक प्लेस में से एक माना जाता है। हरी-भरी हरियाली से भरपूर, यह मानव निर्मित झील अपनी बोटिंग एक्टिविटी के लिए फेमस है।

### टेबल पॉइंट

इसे टाउन व्यूपॉइंट के रूप में भी जाना जाता है, इस जगह को गवर्नर हिल नामक पहाड़ी के शीर्ष पर इसकी सपाट टेबल जैसी सतह के कारण टेबल पॉइंट नाम दिया गया है। टेबल प्वाइंट के टॉप पर पहुंचें और यहां से घाटी-पहाड़ों की सुंदरता को देखें। यह सापुतारा में घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

Bengaluru

# भाजपा नेता की फिसली जुबान, कांग्रेस की महिला नेता पर बोला हमला, नींद नहीं आ रही तो एक्स्ट्रा पैग लगा लेना

**बेंगलुरु**। लोकसभा चुनाव 2024 शुरू होने में गिनती के दिन बचे हैं। चुनाव प्रचार में लगे दिग्गज नेता जनता से लोकलुभावन वादों के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी पर हमले करने से नहीं चूक रहे लेकिन, इस कार्य में कई बार उनकी जुबान भी फिसल जा रही है। कर्नाटक में भी यही देखने मिला। यहां भाजपा नेता संजय पाटिल ने कांग्रेस नेता और राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर को शराब पीने की सलाह दे डाली। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि रात में अच्छी नींद के लिए 'एक एक्स्ट्रा पैग' जरूर लगाएं। उनके बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। जवाब में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा की कौरवों और रावण से तुलना कर डाली।



मामला यूं है कि कर्नाटक की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर पर कटाक्ष करते हुए पूर्व भाजपा विधायक संजय पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा के उदय से हेब्बालकर को बहुत चिंता हो रही होगी, शायद उन्हें रात में नींद भी नहीं आती होगी। इसलिए मेरी सलाह है कि वह 'रात में अच्छी नींद पाने के लिए नींद की गोली या एक एक्स्ट्रा पैग' लें।

पाटिल ने शनिवार को बेलगावी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मैंने कर्नाटक में आठ अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभारी के रूप में काम किया है। बेलगावी में, बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा के समर्थन में सामने आ रही हैं। यही कारण है कि मैं चाहता हूं कि मेरी बड़ी बहन (लक्ष्मी हेब्बालकर) नींद की गोली ले लें। या अच्छी रात की नींद पाने के लिए एक अतिरिक्त पेग लें।'

New Delhi

## उत्तर-पश्चिम भारत में आज आंधी-तूफान व बारिश-बर्फबारी के आसार

### हिमस्खलन की चेतावनी, IMD का ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली**। ईरान के ऊपर बने ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में मौसम खराब बना हुआ है। रविवार को भी जम्मू-कश्मीर से लेकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश तक कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चलीं और ओलावृष्टि के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहने की चेतावनी दी है।



भारतीय मौसम विभाग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में मध्यम तूफान, तेज हवाओं और ओलावृष्टि के साथ बारिश का दौर अगले 48 घंटों के दौरान जारी रहने और उसके बाद कम होने की संभावना है। इस दौरान दिल्ली, एनसीआर के कई स्थानों और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश और 30-50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलेंगी।

आईएमडी ने एक अन्य पोस्ट में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर सोमवार को भी ओलावृष्टि की संभावना जताई है। वहीं, 16 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के उप हिमालयी क्षेत्रों और सिक्किम में ओलावृष्टि हो सकती है। मौसम विभाग ने 18 अप्रैल से भी उत्तर पश्चिम भारत में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके प्रभाव से भी संबंधित इलाकों में बारिश के साथ पहाड़ों पर बर्फबारी हो सकती है।

Uttarpradesh

## नाबालिग बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज था भाई, फावड़े से काटकर उतारा मौत के घाट, फिर खुद भी लगा ली फांसी

**बहराइच**. यूपी के बहराइच में ऑनर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बहन की गतिविधियों से नाराज भाई ने बीती रात उसकी फावड़े से काटकर हत्या कर दी. उसके बाद खुद भी फांसी से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. घटना के बाद घर से मृतक की मां वा उसके बड़े भाई वा भाभी फरार हो गए हैं. जिसके बाद पुलिस ने गांव के चौकीदार के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है. पुलिस ने मृतक भाई बहन के शव को कब्जे में लेकर विवेचना शुरू कर दी है. वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद रात में ही जिले की एसपी ने घटनास्थल का दौरा कर स्थानीय पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.



Uttarpradesh

## वाराणसी में अखिलेश के पोस्टर पर युवक ने किया पेशाब, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाराणसी. वाराणसी में एक युवक को सपा मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत करना भारी पड़ गया. आरोपी ने अखिलेश की तस्वीर पर पहले पेशाब किया और फिर गंदी-गंदी गालियां दीं. युवक ने सोशल मीडिया पर इस घटना को लाइव कर दिया. इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**



वायरल हुए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि वाराणसी के चोलापुर इलाके का रहने वाला दीपक चौहान सपा मुखिया अखिलेश यादव की तस्वीर के साथ शर्मनाक हरकत कर रहा है. इसके बाद तस्वीर के सामने खड़े होकर अखिलेश को गंदी-गंदी गालियां दे रहा है. वीडियो में उसे कहते हुए सुना जा सकता है कि PDA मतलब पिछड़ा विरोधी अखिलेश. बाद में वो अखिलेश के पोस्टर पर थूक भी रहा है.

वाराणसी का ये वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा, वैसी ही सपा कार्यकर्ताओं में गुस्सा बढ़ने लगा. इस मामले की शिकायत चोलपुर इलाके के हथियर गांव के रहने वाले एक वकील नीरज यादव ने पुलिस में की. इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.

खेल

### एक तरफ खड़े रहे शतकवीर रोहित शर्मा...

# मथीशा पथिराना ने पलट दिया मैच, चेन्नई ने मुंबई को उसके घर में रौंदा

**मुंबई इंडियंस वर्सेस चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच में मुंबई की टीम को हार का सामना करना पड़ा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए बाध्य चेन्नई ने 207 रनों का लक्ष्य मुंबई के सामने रखा था। लेकिन मुंबई की टीम 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 186 तक ही पहुंच सकी।**



इससे पहले मुंबई की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई ने इस मैच के लिए अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया था।वहीं, चेन्नई सुपरकिंग्स ने अपनी टीम में महेश तीक्षणा की जगह मथीश पथिराना को मौका दिया। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मैच में अपनी ओपनिंग जोड़ी में भी बदलाव किया था। ऋतुराज की जगह अजिंक्य रहाणे ओपनिंग करने उते थे। हालांकि गेराल्ड कोएट्जे ने उन्हें दूसरे ही ओवर में मात्र पांच के निजी स्कोर पर चलता कर दिया। दूसरे विकेट के रूप में रचिन रविंद्र आउट हुए, जिन्हें श्रेयस गोपाल ने आउट किया। रचिन ने 21 रन बनाए। इसके बाद कप्तान ऋतुराज और शिवम दुबे के बीच अच्छी साझेदारी हुई। ऋतुराज ने गेराल्ड कोएट्जे की गेंद पर छक्का मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया। ऋतुराज गायकवाड़ 16वें ओवर में हार्दिक पांड्या की गेंद पर लंबा शॉट लगाने के चक्कर में कैच आउट हुए। ऋतुराज ने 40 गेंद में 69 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने पांच चौके और पांच छक्के लगाए। इसके बाद आए डारेल मिचेल काफी ज्यादा संघर्ष करते नजर आए। हालांकि फैन्स को इंतजार था एमएस धोनी का। धोनी आखिरी ओवर में मिचेल के आउट होने के बाद आए और एक के बाद एक तीन छक्के और एक डबल लेकर मात्र चार गेंदों में 20 रन बना डाले। धोनी की इस आतिशबाजी के दम पर चेन्नई की टीम ने मुंबई के सामने 207 रनों का लक्ष्य रखा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने तेज शुरुआत की। पहले 7 ओवर में मुंबई ने 70 रन बनाए। लेकिन मथीश पथिराना ने आते ही आठवें ओवर की पहली गेंद पर ईशान किशन को पवेलियन भेज दिया। इसके तुरंत बाद ही सूर्यकुमार यादव भी पवेलियन लौट गए, जिनका कैच बाउंड्री पर मुस्ताफिजुर ने शानदार ढंग से लिया।

सिनेमा

## सलमान के घर के बाहर फायरिंग, हमलावरों के खिलाफ IPC की धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग से सनसनी फैल गई है. सुबह 4.50 बजे गैलेक्सी अपार्टमेंट में हुई इस वारदात की जांच में पुलिस और फोरेंसिक टीम जुटी हुई थी. अब इस मामले में नया अपडेट आया है. बांद्रा पुलिस ने दो अज्ञात शख्स के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 (जान से मारने की कोशिश) और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. ये मामला सलमान खान के सुरक्षा गार्ड के बयान के आधार पर मुंबई पुलिस ने दर्ज किया है. पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है. सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शूटरों ने बाइक बांद्रा मे ही छोड़ दी और रिक्शा से भाग गए. पुलिस को आशंका है कि हमलावर अब तब मुंबई से बाहर भाग गए होंगे. शक है कि बदमाशों ने रिक्शा से दहिसर नाका क्रॉस किया. फायरिंग करने वाले महाराष्ट्र के नहीं, बल्कि बाहरी हो सकते हैं. सुबह-सुबह सलमान खान के घर हुई फायरिंग की घटना ने सभी को सकते में डाल दिया है. फैंस अपने फेवरेट एक्टर के लिए चिंता में हैं. सलमान ने तो अभी तक कुछ नहीं कहा है. हालांकि पिता सलीम खान ने बयान जारी कर खबर दी है कि वो बिल्कुल ठीक हैं. जिस वक्त ये फायरिंग की घटना हुई उस वक्त सलमान घर में ही थे. उन्होंने कहा कि कुछ खास बताने को नहीं है. वो (गैंगस्टर्स) बस पब्लिसिटी चाहते हैं. परेशानी की कोई बात नहीं है.

Highlights

1. BJP mourns passing of former MLA A.M. Krishnamoorthy in Puducherry
2. Iran to allow officials to meet 17 Indians on seized ship after Jaishankar's call
3. PM Modi showers Deve Gowda with praise in Vokkaliga belt of Mysuru
4. Indians passport holders can visit these countries without visa
5. I've worked for PM Modi's govt too, I criticise govt as no one else does: Rajan
6. Spate of protests in Andhra as YSRCP blames TDP for Jagan attack

# Byju Raveendran says 'start of leaner company' as edtech's CEO Arjun Mohan quits




**NEW DEIHI, (Agency).** Byju's CEO Arjun Mohan resigned from his position following which founder Byju Raveendran will take over daily operational responsibilities, the company said in a statement. Arjun Mohan, who took over the position just seven months ago, will transition to an external advisory role, it said.

What Byju's said on Arjun Mohan's resignation?

The company said in a statement, "The changes follow an extensive seven-month operational review and cost optimisation exercise led by outgoing BYJU'S India CEO Arjun Mohan. Mohan will now transition to an external advisory role, lending his deep EdTech expertise to the company and its founders during this transformation phase."

What Byju Raveendran said on the change?

Byju Raveendran said that the reorganisation marks the start of BYJU'S 3.0 which would a "leaner and more agile organisation ready to quickly adapt to evolving market dynamics, especially in the realm of hyper-personalized education."

What will change at Byju's amid crisis?

The company's statement added, "This new phase will also see Byju Raveendran taking a more hands-on approach in spearheading the daily operations of the company...recognising the need for strong leadership during this challenging hour, he will now be deeply involved in the company's day-to-day functioning, leveraging his expertise to steer BYJU'S towards its next phase of growth and innovation."

# Q4 Results schedule: Infosys, Wipro, Tata Com to HDFC Bank — here is what you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** Q4 results season is on and a number of companies will be rolling out their numbers over this week. Among them are biggies like Infosys, Wipro, HDFC Bank and many others. In effect, if you are looking to keep abreast of these announcements, know the exact schedule that these companies may adhere to. Apart from the results themselves, exactly how stocks will react will depend on some extraneous factors and that includes the upcoming general elections in India, whether Israel retaliates to the firing of missiles and drone attacks by Iran, oil price trends and how well economies across the world are faring, in particular,



India and the US. Notably, gold prices had jumped because of these global concerns as investors rushed to safety.

Notably, last week saw the markets retreat at the fag end of the week, but it did manage to end flat for the period despite the global and domestic concerns. Did it impact market sentiment for a longer period? Things will clear up starting today.

There are concerns and caution is being expressed as results are expected to be subdued. Foreign investors are showing some concern too. Apart from that, with the markets rising, there have been various concerns voiced about high valuations especially of small-caps and mid-caps. Now, having said that and with things in proper perspective, check out the companies that are expected to roll out their Q4 results between April 15 to April 21, as reported by LiveMint. April 15: Ontic Finserve, Sybly Industries, GTPL Hathway, Atam Valves, Hit Kit Global Solutions, Rajoo Engineers, Shekhawati Poly Yarn

# आईडीए के प्यून और पार्किंग कर्मचारी की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तुकोगंज में रहने वाले आईडीए के प्यून मांगीलाल पिता प्यारेलाल बोरासी निवासी पंचम की फेल की संदिग्ध परिस्थिति में रविवार को मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि वह रविवार चक्कर खाकर गिर गए थे। उन्हें उपचार के लिये एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वह गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका उपचार भी चल रहा था। मांगीलाल के परिवार में उनके दो बेटे और एक बेटी है।**

इसी प्रकार रावजी बाजार इलाके में प्रेमसुख पार्किंग के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक पिंटू (32) निवासी खरगोन को उसके साथी रविवार को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। दोस्त राकेश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह ऊपरी हवाओं के चक्कर में आ गया। तब से बीमार रहता था। रविवार को पार्किंग में उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिंटू मूल रूप से खरगोन का रहने वाला था। उसका परिवार भी इंदौर में उसके साथ ही रहता है। एरोड्रम में रहने वाले धर्मेन्द्र (42) पुत्र पूरन निवासी कावेरी नगर का शव उसके परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे थे। धर्मेन्द्र की मौत के मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## दूसरी मंजिल से गिरा बेलदार, उपचार के दौरानन दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आजाद नगर इलाके में रहने वाले एक बेलदार की दूसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। वह काम करने के 12 दिन पहले गिर गए थे। इसके बाद उसे उनका एमवाय में उपचार चल रहा था। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक गजराज (55) पुत्र कोमलसिंह निवासी रामनगर की मकान निर्माण के दौरान उंचाई से गिरने से मौत हो गई। बेटे रोशन ने बताया कि गजराज 2 अप्रैल के दिन दूसरी मंजिल से नीचे आ गिरे थे। वह एक निर्माणाधीन घर में बेलदारी का काम करने पहुंचे थे। उन्हें ठेकेदार राजकुमार अपने साथ विकास मीणा के मकान पर काम करने लेकर गया था। बताया जाता है कि वह सामान लेने नीचे की तरफ आ रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए।

# बादल-बारिश के बावजूद पिछले साल से ज्यादा गर्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इस बार अप्रैल के दूसरा हफ्ते में बादलों का दौर रहा। इस दौरान एक बार रात को बारिश हुई तो तापमान में उतार-चढ़ाव भी रहा। इसके बावजूद इस बार अप्रैल की गर्मी पिछले साल को टक्कर दे रही है। इस बार रात का तापमान शुरू से औसतन से ज्यादा ही रहा है। इस बार अप्रैल के दो हफ्तों में रातें पिछले साल की तुलना में ज्यादा गर्म है। इन दिनों रात का औसतन तापमान 1 डिग्री ज्यादा बना हुआ है। रविवार को दिन का तापमान 37.4 (-1) और रात का तापमान 24 (+3) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस अप्रैल यह पहला मौका है जब रात का तापमान 24 डिग्री पर पहुंचा है।**

सोमवार सुबह भी इंदौर में बादलों के छाने के साथ धूप भी निकल रही है। दरअसल वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे मध्य और उत्तर भारत में सुकून की हवा चल रही है। इस कारण हीट वेव नहीं है। अप्रैल के आखिरी हफ्ते में जरूर तापमान तेजी से बढ़ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने इस बार अगले हफ्ते गर्मी बढऩे के आसार जताए हैं लेकिन हीट वेव की स्थिति नहीं है। चौथे हफ्ते में तापमान जरूर बढ़ सकता है।

पिछले साल अप्रैल के पहले दिन दिन का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था। इस बार पहले में पहले दिन तापमान 4 डिग्री ज्यादा (36 डिग्री) रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद पहले हफ्ते में ही तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर चला गया। इससे लोग हलाकान होते रहे। इसके पूरे माह बाद तापमान 36 डिग्री से नीचे ही रहा। पिछले साल तीन बार पारा 38 डिग्री तक पहुंचा। इस बार दूसरे हफ्ते में पारा कम-ज्यादा होता रहा। इसके बावजूद दोनों साल दिन का औसतन 36 डिग्री ही रहा। पिछले साल अप्रैल में पहली रात का तापमान 17 डिग्री सेल्सियस था। इस बार 20 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे ही पिछले साल दो हफ्तों में रात का तापमान औसतन 21 डिग्री सेल्सियस था। इस बार रात का तापमान औसतन 22 डिग्री बना हुआ है।

# कालेज और हास्टल में सप्लाई करते थे गांजा

### आरोपियों से पूछताछ में हो रहे खुलासे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने 21 किलो गांजा सहित तस्कर और दो पैडलर को पकड़ा है। आरोपित इंदौर के हास्टल, कालेज, कोचिंग सेंटर, मॉल और यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं को गांजा सप्लाई के प्रयास में थे। आरोपित छत्तीसगढ़ के माफिया से जुड़े हैं तथा विभिन्न राज्यों में गांजा की सप्लाई करते हैं।**

डीसीपी जोन-4 ऋषिकेश मीना के मुताबिक, पुलिस को खबर मिली थी कि छत्तीसगढ़ का गांजा माफिया इंदौर में गांजा का डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का प्रयास कर रहा है। कईं लोगों के संपर्क में है जो 50 किलो तक गांजा खरीद सके। मुखबिर के जरिए पुलिस ने माफिया के एजेंट हरिशंकर शाह निवासी पांडेसरा बह्मरोली रोड़ देवकीनंदन स्कूल के पास सूरत गुजरात से बात की। आरोपित पहली बार में 21 किलो गांजा देने के लिए तैयार हो गया। उसे गांजा लेकर इंदौर बुलाया और पैडलर दीपक ठाकुर निवासी चौकसे नगर रामाखेड़ा निशातपुरा भोपाल और शुभम राठौर निवासी पूजा कालोनी करोंद निशातपुरा भोपाल को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी के मुताबिक, हरिशंकर छत्तीसगढ़ के माफिया का विश्वनीय एजेंट है। अलग-अलग जगह पर गार्ड की नौकरी कर चुका है। वह इंदौर में बड़े पैमाने पर गांजा खपाना चाहता था। उसने डिस्ट्रीब्यूटर बनाने की साजिश की जो उससे गांजा खरीदे। आरोपित ने यह भी बताया कि स्टूडेंट क्षेत्रों में गांजा की ज्यादा मांग है।

### चौराहे पर गांजा लेकर खड़े थे

इधर, आजाद नगर पुलिस ने भी दो आरोपितों को चार किलो गांजा के साथ पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, आरोपित बबलू मोची निवासी द्वारकापुरी और कमल उर्फ भायला निवासी पवनपुरी कालोनी है। दोनों आरोपित मूसाखेड़ी चौराहे पर डिलीवरी देने के लिए खड़े थे।

## छात्रों को आईडी बांटकर सट्टे की लत डालते थे, आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने मोबाइल पर आईडी देकर सट्टे का काम करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों पर गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच ने भोलाराम उस्ताद मार्ग से राहुल पुत्र रामवीर रावत निवासी अनंतपुरी सतीश हार्डिया का मकान और विपिन पुत्र लक्ष्मन वर्मा निवासी इंद्रपुरी को पकड़ा है। आरोपी एक एप सुपर वन टेक के माध्यम से स्टूडेंट को सट्?टा खिला रहे थे। पूछताछ करने पर उन्होंने एप बुकी से लेने की बात कबूली। बाद में दोनों को स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। आरोपियों से मोबाइल ओर आईडी जब्त की गई है। क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक राहुल मनिहार जिला शिवपुरी का रहने वाला है। वही विपीन फिजिकल रोड़ शिवपुरी में रहता है। दोनो यहां स्टूडेंट बताकर रूके हुए थे। आरोपी वाट्सएप पर इसकी लिंक शेयर कर क्रिकेट के खिलाड़ियो पर हार जीत का दांव लगवाते है। क्राइम ब्रांच ने जब उनहें पकड़ा तो आरोपियों के मोबाइल में गजेन्द्र कुशवाह के वॉट्सएप नंबर पर लिंक डली हुई मिली। इसके साथ ही उन्होंने अन्य लोगो को भी इसकी लिंक शेयर की थी। जिसकी जांच की जा रही है।




## बूथों की बिजली व्यवस्था संभालेंगे 2000 कर्मचारी अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बूथों पर संपूर्ण व्यवस्था करने के आदेश के मद्देनजर मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भी प्रभावी तैयारी की है। कंपनी ने मालवा-निमाड़ क्षेत्र यानी इंदौर और उज्जैन के मुख्य अभियंताओं को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथों की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। कंपनी के करीब 520 इंजीनियरों समेत दो हजार कर्मचारी इस व्यवस्था को संभालेंगे। कंपनी क्षेत्र में करीब अठारह हजार पांच सौ बूथ हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि बूथों पर बिजली वितरण के लिए इंदौर व उज्जैन के मुख्य अभियंताओं समेत सभी 15 जिलों के अधीक्षण अभियंता, 55 डिविजनों के कार्यपालन अभियंता अपने इलाके के बूथों की संपूर्ण व्यवस्थाएं कराएंगे। इसके साथ ही जोन, वितरण केंद्रों पर पदस्थ 450 सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता भी बूथों की बिजली व्यवस्था की समीक्षा करेंगे, यदि दूरदराज के किसी बूथ पर स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं है, तो वहां अस्थाई कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। तोमर ने बताया कि सभी 15 अधीक्षण अभियंताओं एवं 55 कार्यपालन अभियंताओं को संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों से सतत तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए है, ताकि बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 7312433667, 9826044334 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक